# TBC : 07/23/BET

**Booklet Sr. No.**

## HINDI

## PAPER II

**Roll No.** | | | | | | | | |

**(To be filled by the Candidate)**

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 200

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**Instruction for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Test Booklet except in the space provided for rough work.
2. This paper consists of ***one hundred*** **(100)** multiple-choice type of questions. ***All*** questions carry equal marks.
3. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - **(*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.**
   - **(*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Each item has four alternatives response marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item completely with **Blue/Black ball point pen** as shown below. H.B. Pencil should not be used in blackening the circle to indicate responses on the answer sheet.

   Example : (A) ● (C) (D) Where (B) is correct response.
5. Your responses to the each item are to be indicated in the **OMR** Sheet provided to you only. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough work is to be done in the end of this booklet.
8. **If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.**
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
11. **There are no negative marks for incorrect answers.**
12. **CARRYING AND USE OF ELECTRONICS/COMMUNICATION DEVICES IN EXAMINATION HALL IS NOT ALLOWED.**

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

1. कहानीकार–कहानियाँ युग्म की दृष्टि से कौनसा विकल्प सर्वथा संगत है ?

(A) यशपाल – परदा, फूलों का कुरता, मक्रील, महराजा का इलाज

(B) जैनेंद्र – ध्रुवयात्रा, अपना-अपना भाग्य, पठार का धीरज, पत्नी

(C) अज्ञेय – गैंग्रीन, हीलीबोन की बत्तखें, पाजेब, मेजर चौधरी की वापसी

(D) भीष्म साहनी – चीफ़ की दावत, डिप्टी कलक्टरी, वांगचू, ओ हरामज़ादे

2. निम्नलिखित में से कौनसा उदाहरण अपादान कारक का नहीं है ?

(A) अपनी तिजोरी से कुछ पैसे निकालो।

(B) मेरा यह दोस्त मुंबई से आया है।

(C) सारे काम अपने हाथ से करो।

(D) मज़दूर छत से गिर गया।

3. ''रीतिकाल के कवियों में सहृदय समाज इन्हें बहुत श्रेष्ठ स्थान देता आया है। ऐसा सर्वप्रिय कवि इस काल के भीतर बिहारी को छोड़ दूसरा नहीं हुआ है।'' रामचंद्र शुक्ल का यह कथन किस कवि के लिए है ?

(A) पद्माकर (B) देव

(C) मतिराम (D) घनानंद

4. कौनसा विमर्श मराठी साहित्य से प्रभावित है ?

(A) स्त्री विमर्श (B) दलित विमर्श

(C) आदिवासी विमर्श (D) अल्पसंख्यक विमर्श

5. सूरदास का सम्बन्ध किस दार्शनिक सम्प्रदाय से है ?

(A) श्री सम्प्रदाय (B) रुद्र सम्प्रदाय

(C) ब्रह्म सम्प्रदाय (D) सनकादिक सम्प्रदाय

6. किस कविता समुच्चय की सभी कविताएँ मुक्तिबोध की हैं ?

(A) अँधेरे में, लकड़ी का रावण, चकमक की चिनगारी, कुआनो नदी

(B) ब्रह्मराक्षस, दिमागी गुहांधकार का औरांग-उटांग, लुकमान अली, भूल-ग़लती

(C) मुक्ति प्रसंग, भूल-ग़लती, दिमागी गुहांधकार का औरांग-उटांग, ब्रह्मराक्षस

(D) अँधेरे में, भूल-ग़लती, एक अन्तर्कथा, दिमागी गुहांधकार का औरांग-उटांग

7. प्रकाशन-वर्ष के आधार पर भीष्म साहनी द्वारा लिखित उपन्यासों का कौनसा क्रम सही है ?

(A) तमस – वसंती – मय्यादास की माड़ी - कुंतो

(B) वसंती – तमस – कुंतो – मय्यादास की माड़ी

(C) वसंती – तमस – मय्यादास की माड़ी – कुंतो

(D) मय्यादास की माड़ी – कुंतो – तमस – वसंती

8. भारतेंदु युग में लाला श्रीनिवास दास के नाटक 'संयोगिता स्वयंवर' की समालोचना की–

(A) भारतेंदु हरिश्चंद्र और चौधरी बदरीनारायण प्रेमघन ने

(B) श्रीधर पाठक और बालकृष्ण भट्ट ने

(C) चौधरी बदरीनारायण प्रेमघन और बालकृष्ण भट्ट ने

(D) बालकृष्ण भट्ट और भारतेंदु हरिश्चंद्र ने

9. अपभ्रंश की विशेषता नहीं है–

(A) परसर्ग – प्रयोग (B) व्यंजन – लोप

(C) तत्समीकरण (D) द्वित्वीकरण

10. 'राजा निरबंसिया' में जगपती के आत्महत्या करने के पीछे है–

(A) प्रतिशोध (B) पश्चाताप

(C) अवसाद (D) अपवाद

11. 'बादल को घिरते देखा है' कविता में कौनसे भाव मिलते हैं ?

(A) सेक्स, लज्जा, खीज, संघर्ष (B) खीज, संघर्ष, तृप्ति, अवसाद

(C) सेक्स, खीज, संघर्ष, तृप्ति (D) अवसाद, चिंता, संघर्ष, तृप्ति

12. शब्दों के व्याकरण-विरुद्ध प्रयोग पर 'दोष' होता है–

(A) च्युतसंस्कृति (B) ग्राम्यत्व

(C) अप्रतीतत्व (D) दुष्क्रमत्व

13. 'ईदगाह' कहानी में मोहसिन की उलाहना कि 'तुम्हारे चिमटे का मुँह रोज आग में जलेगा', हामिद ने जवाब दिया–

(A) चिमटा लोहे का है इसलिए कोई फर्क नहीं पड़ेगा

(B) चिमटा चाहे जले लेकिन दादी की उंगलियाँ तो सलामत रहेंगी

(C) आग में बहादुर ही कूदते हैं

(D) चिमटे का यही तो काम है

14. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' का लेखक अपनी पत्नी को कहता है–

(A) कॉन्फ़िडेंस (B) पार्टनर

(C) ज्वाय (D) सफ़रिंग

15. काव्य भाषा पर विचार करते समय रिचर्ड्स ने भाषा के 'वैज्ञानिक रूप' के लिए किन पर्यायों का प्रयोग किया है ?

(A) प्रतीकात्मक, सूचनात्मक (B) निर्देशात्मक, रागात्मक

(C) तथ्यात्मक, रागात्मक (D) सूचनात्मक, वक्रतामूलक

16. 'महाड़ सत्याग्रह' का उद्देश्य था–

(A) चवदार जलाशय से पानी लेने का अधिकार

(B) जाति के आधार पर पृथक् निर्वाचन का अधिकार

(C) मंदिर में दलितों के प्रवेश का अधिकार

(D) शिक्षण-संस्थाओं में समानता का अधिकार

17. 'कानों में कँगना' में किरन के भोलेपन की तुलना की गई है–

(A) प्रकृति से (B) मेघों से

(C) फूलों से (D) वायु से

18. 'अँधेरे में' कविता में किसके द्वारा जनता के गुणों के महत्व को पहचानने पर बल दिया गया है ?

(A) तॉलस्तॉय (B) रात का पक्षी

(C) तिलक (D) गांधी

19. 'तीसरी कसम' के हीरामन की चारित्रिक विशेषताएँ हैं–

(A) स्त्री-सम्मान, पेशेवराना परिपक्वता, अपवाद का भय

(B) भोलापन, अपवाद का भय, धन लोलुपता

(C) अपवाद का भय, धन लोलुपता, पेशेवराना परिपक्वता

(D) धन लोलुपता, स्त्री-सम्मान, भोलापन

20. ''मेरे भाग्य के कारण देश का बँटवारा हुआ या देश के भाग्य के कारण मेरी दुर्गति हुई''– 'झूठा सच' उपन्यास में यह कथन है–

(A) कनक का (B) तारा का

(C) बंती का (D) उर्मिला का

21. 'इनकार से भरी हुई चीख़'

और एक 'समझदार चुप'

दोनों का मतलब एक है

उपर्युक्त पंक्तियाँ धूमिल की किस कविता से हैं ?

(A) नक्सलबाड़ी (B) मोचीराम

(C) अकाल दर्शन (D) रोटी और संसद

22. 'मनजात किरात निपात किए। मृगलोग कुभोग सरेन हिए॥

हति नाथ अनाथहि पाहि हरे। विषया बन पावँर भूलि परे॥'

'रामचरितमानस' के 'उत्तरकाण्ड' में शिव द्वारा राम की स्तुति करते हुए किसे समाप्त करने का अनुरोध किया गया है ?

(A) विषय को (B) पशुवत लोगों को

(C) कुभोग को (D) कामदेव को

23. ''मैं स्त्री-शरीर को देव-मंदिर के समान पवित्र मानता हूँ।'' 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास में यह कथन है–

(A) अघोर भैरव का (B) बाणभट्ट का

(C) कुमार कृष्णवर्धन का (D) हर्षवर्धन का

24. 'परिंदे' में दु:ख या यातना के प्रति अनासक्त भाव रहता है–

(A) लतिका का (B) ह्यूबर्ट का

(C) डॉक्टर मुखर्जी का (D) मिस वुड का

25. बावनदास की मृत्यु हुई–

(A) भूख हड़ताल से (B) बन्दूक की गोली से

(C) गाड़ियों द्वारा कुचले जाने से (D) काला आज़ार से

26. ''जब दूसरे के पाँवों-तले अपनी गर्दन दबी हुई है, तो उन पाँवों को सहलाने में ही कुशल है।'' 'गोदान' के उपर्युक्त कथन में किन अर्थों का संकेत है–

(A) उदासीनता और खुशामद (B) व्यवहारकुशलता और खुशामद

(C) व्यवहारकुशलता और उदासीनता (D) पराजयभाव और उदासीनता

27. 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' में नहीं है–

(A) आत्मालोचन और उपदेशात्मकता

(B) काव्य-पंक्तियों का सार्थक उपयोग

(C) अंग्रेज़ों की औपनिवेशिक नीतियों की आलोचना

(D) भारतीयों के आलस्य और अंग्रेज़ों के उद्यम का उल्लेख

28. अज्ञेय द्वारा संपादित 'सप्तक' शृंखला में कौनसा कवि शामिल नहीं है ?

(A) हरिनारायण व्यास (B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(C) प्रयाग नारायण त्रिपाठी (D) नागार्जुन

29. 'सिक्का बदल गया' में क्रूर होने के साथ-साथ मानव-संबंधों की परवाह करने वाला पात्र है–

(A) शेरा (B) पटवारी बेगू

(C) मुल्ला इस्माइल (D) फिरोज़

30. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से गलत है—

(A) अहल्या (B) सहस्त्र

(C) संन्यासी (D) चिह्न

31. हिंदी प्रेमाख्यानक काव्यों की प्रवृत्ति नहीं है—

(A) प्रणय-भावना का निरूपण (B) सौंदर्य-वर्णन

(C) नायिका-भेद वर्णन (D) कथानक-रूढ़ियों का उपयोग

32. मानस-मंदिर में सती, पति की प्रतिमा थाप।
जलती-सी उस विरह में, बनी आरती आप॥
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ किसके विषय में कही गई हैं ?

(A) राधा (B) उर्वशी

(C) उर्मिला (D) नागमती

33. प्रेमचंद-पूर्व हिंदी उपन्यासों का सही आरोही क्रम है—

(A) श्यामा स्वप्न, नूतन ब्रह्मचारी, प्रणयिनी परिणय, नरेंद्र मोहिनी

(B) प्रणयिनी परिणय, श्यामा स्वप्न, नरेंद्र मोहिनी, नूतन ब्रह्मचारी

(C) नूतन ब्रह्मचारी, प्रणयिनी परिणय, नरेंद्र मोहिनी, श्यामा स्वप्न

(D) नूतन ब्रह्मचारी, श्यामा स्वप्न, प्रणयिनी परिणय, नरेंद्र मोहिनी

34. निश्चित समय में पत्रोत्तर न मिलने पर अनुबोधक के रूप में भेजे जाने वाले पत्र को कहा जाता है—

(A) परिपत्र (B) ज्ञापन

(C) अनुस्मारक (D) प्रतिवेदन

35. ''पिछले दिनों प्रगतिवाद और प्रयोगवाद का नाम लेकर जिस अर्थहीन दलबन्दी का सूत्रपात हुआ था, उसने प्रतिभाशाली तरुणों में भयंकर बुद्धिभेद उत्पन्न कर दिया था।'' यह कथन है—

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का (B) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी का

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' का (D) डॉ. देवराज का

36. रीतिकालीन कवि कासिमशाह किस परंपरा में काव्य-रचना के लिए जाने जाते हैं ?

(A) संत काव्य-परंपरा (B) प्रेमाख्यानक काव्य-परंपरा

(C) मुक्तक वीर काव्य-परंपरा (D) नीतिपरक काव्य-परंपरा

37. 'नई छायावादी काव्यधारा का भी एक आध्यात्मिक पक्ष है, परंतु उसकी मुख्य प्रेरणा धार्मिक न होकर मानवीय और सांस्कृतिक है।'' यह कथन है–

(A) शांतिप्रिय द्विवेदी का (B) नामवर सिंह का

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी का (D) नंददुलारे वाजपेयी का

38. पत्रिका-संपादक की दृष्टि से कौनसा युग्म गलत है ?

(A) सरस्वती – महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) धर्मयुग – धर्मवीर भारती

(C) वसुधा – गणेश शंकर विद्यार्थी (D) हंस – प्रेमचंद

39. इंशा अल्ला खाँ की रचना 'रानी केतकी की कहानी' का दूसरा नाम है–

(A) नासिकेतोपाख्यान (B) प्रेमसागर

(C) उदयभान चरित (D) माधव विलास

40. निम्नलिखित में से दलित महिला की आत्मकथा है–

(A) जूठन (B) मणिकर्णिका

(C) तिरस्कृत (D) शिकंजे का दर्द

41. 'शेखर : एक जीवनी' का मूल मंतव्य है–

(A) प्रेम की पहचान (B) पुरुषत्व का बखान

(C) स्वातंत्र्य की खोज (D) अंतर्विरोधों का चित्रण

42. निम्नलिखित में से किस आधार पर 'एक टोकरी-भर मिट्टी' को आधुनिक हिंदी की प्रथम कहानी माना जाता है ?

(A) उपदेशपरकता (B) आख्यानकता

(C) यथार्थ-चित्रण (D) भाषा-शैली

43. नाट्य-समीक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाली नेमिचंद्र जैन द्वारा संपादित पत्रिका है–

(A) परिदृश्य
(B) रंगलोक
(C) नटरंग
(D) नाट्य-निकष

44. आचार्य शुक्ल के आलोचना-मानों में सम्मिलित नहीं है–

(A) रहस्यवाद का समर्थन
(B) प्रबंध काव्य की श्रेष्ठता
(C) लोकपक्ष पर बल
(D) रसवाद

45. 'चंचल हैं ज्यों मीन, अरुनारे पंकज-सरिस
निरखि न होय अधीन, ऐसो नर-नागर कवन'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में लुप्तोपमा का कौनसा भेद है ?

(A) उपमेय लुप्तोपमा
(B) उपमान लुप्तोपमा
(C) साधर्म्य लुप्तोपमा
(D) वाचक लुप्तोपमा

46. 'कामायनी' में 'मनुष्यता का मनोवैज्ञानिक इतिहास' बनने का सामर्थ्य सर्वप्रथम देखा–

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने
(B) मुक्तिबोध ने
(C) जयशंकर प्रसाद ने
(D) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी ने

47. 'कविता व्यक्तित्व से पलायन है'–किस समीक्षक का कथन है ?

(A) मैथ्यू ऑर्नल्ड का
(B) वड्र्सवर्थ का
(C) आई. ए. रिचर्ड्स का
(D) टी. एस. इलियट का

48. डॉ. तुलसीराम ने मुर्दहिया को अपने गाँव की जिओ पॉलिटिक्स यानी भू-राजनीति का केन्द्र कहा है; क्योंकि–

(A) वह केवल दलितों की चेतना के विस्तार का केन्द्र थी
(B) वहाँ राष्ट्रीय राजनीति पर गहन चर्चाएँ होती थीं
(C) वह जीवन से लेकर मरण तक सारी गतिविधियाँ समेट लेती थी
(D) वहाँ मानवीय संबंधों में किसी तरह का अंतर्विरोध नहीं था

49. ''काव्य सबसे अधिक आनन्द तभी देता है, जब वह केवल सामान्यतः समझ में आये, पूर्णतः नहीं।'' यह कथन है–

(A) वड्र्सवर्थ का (B) प्लेटो का

(C) कॉलरिज का (D) टी. एस. इलियट का

50. ''हिन्दुस्तानी के दुश्मन वास्तव में बंगला, तमिल या मराठी के भी दुश्मन हैं।'' यह विचार है–

(A) जवाहरलाल नेहरू का (B) राममनोहर लोहिया का

(C) सी. राजगोपालाचारी का (D) कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी का

51. 'हिंद स्वराज' में महात्मा गांधी ने हिन्दुस्तान की कंगाली का जिम्मेदार ठहराया है–

(A) हिंदू और मुसलमान राजे-रजवाड़ों को (B) डॉक्टर और इंजीनियरों को

(C) रेल, वकील और डॉक्टरों को (D) जमींदार, सूदखोर और पूँजीपतियों को

52. दो खण्डों में प्रकाशित 'खड़ी बोली का पद्य' के संपादक हैं–

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (D) अयोध्या प्रसाद खत्री

53. उत्तर-आधुनिकता के विषय में यह कहना उचित न होगा कि यह–

(A) लघु अस्मिताओं को वाणी देने की पक्षधर है

(B) इतिहास और संस्कृति की श्रेष्ठता का पोषण करती है

(C) महाआख्यानों को अस्वीकृत करती है

(D) 'सत्य' या 'पाठ' के एकार्थी होने की धारणा का विरोध करती है

54. सखि, नील नभस्सर में उतरा यह हंस अहा! तरता तरता,
अब तारक-मौक्तिक शेष नहीं, निकला जिनको चरता-चरता।
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में 'हंस' से तात्पर्य है–

(A) चंद्रमा (B) सूर्य

(C) सारस (D) बादल

55. मंगलु बिंदु सुरंगु, मुखु ससि, केसरि आड़ गुरु।
इक नारी लहि संगु, रसमय किय लोचन-जगत॥
उपर्युक्त सोरठे में नायक ने प्रेमानुरक्ति को किस शास्त्र के माध्यम से व्यक्त किया गया है ?

(A) ज्योतिष (B) वैद्यक
(C) खगोल (D) सामुद्रिक

56. 'एक नार चतुर कहावे। मूरख को ना पास बुलावे।
चतुर मर्द जो हाथ लगावे। खोल सतर वह आप दिखावे॥
अमीर खुसरो की इस पहेली का सही उत्तर है–

(A) संपत्ति (B) आईना
(C) किताब (D) बुद्धि

57. 'शृंगारहास्यकरुणरौद्रवीर भयानकाः।
वीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥'
काव्यप्रकाशकार की इस उक्ति में कितने रसों का उल्लेख है ?

(A) आठ (B) नौ
(C) दस (D) ग्यारह

58. 'प्रियप्रवास' की निम्नलिखित पंक्तियों में छन्द है–
चिन्ता की सी कुटिल उठतीं अंक में जो तरंगें।
वे थीं मानो प्रकट करतीं भानुजा की व्यथायें।
धीरे-धीरे मृदु पवन में चाव से थी न डोली।
शाखाओं के सहित लतिका शोक से कंपिता थी॥

(A) मालिनी छन्द (B) शार्दूलविक्रीड़ित छन्द
(C) मन्दाक्रान्ता छन्द (D) द्रुतविलम्बित छन्द

59. 'आधे-अधूरे' में सावित्री के व्यक्तित्व का बेबाक विश्लेषण किस पुरुष पात्र द्वारा किया जाता है ?

(A) सिंहानिया (B) जगमोहन
(C) जुनेजा (D) मनोज

60. 'वही ढाक के तीन पात' कहावत का अर्थ है—

(A) परिणाम में कुछ न हासिल होना
(B) अपने किए का फल पाना
(C) काम न आने पर बहाने ढूँढ़ना
(D) आदत वाले की आदत न जाना

61. इतिवृत्तात्मक कविता में वस्तुओं का वर्णन होता है—

(A) काल्पनिक एवं प्रतीकात्मक
(B) प्रतीकात्मक एवं लाक्षणिक
(C) तथ्यात्मक एवं अभिधात्मक
(D) लाक्षणिक एवं चित्रात्मक

62. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' में आदर्श माना गया है—

(A) आधुनिक भौतिक प्रगति को
(B) 'स्व के अनुशासन को
(C) पुरातन के प्रति प्रेम को
(D) मनुष्य की सहजात वृत्तियों को

63. ''रावरे रूप की रीति अनूप नयो नयो लागत ज्यौं-ज्यौं निहारियै।
त्यौं इन आँखिन बानि अनोखी अघानि कहूँ नहि आनि तिहारियै॥
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के आधार पर असंगत कथन का चयन कीजिए—

(A) रूप में अनुपमता है। ज्यों-ज्यों ध्यान से देखा जाता है, नया दिखाई देता है
(B) आँखों की वृत्ति भी अनोखी है कि इन्हें अन्यत्र कहीं तृप्ति नहीं मिलती
(C) प्रेमी और प्रिय दोनों में उभयपक्ष विशिष्ट नूतनता है
(D) प्रेमी और प्रिय दोनों के हृदय में प्रेम-संचरण की अभिव्यक्ति है

64. पिउ-रव पपीहे प्रिय बोल रहे,
सेज पर विरह-विदग्धा वधू
याद कर बीती बातें, रातें मन-मिलन की
मूँद रही पलकें चारु
नयन जल ढल गए
लघुतर कर व्यथा-भार
उक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ?

(A) जुही की कली
(B) जागो फिर एक बार
(C) प्रथम रश्मि
(D) फिर विकल हैं प्राण मेरे

65. निम्नलिखित में से कौनसी कविता आत्मकथात्मक शैली में नहीं है ?

(A) सरोज स्मृति (B) असाध्य वीणा

(C) बादल को घिरते देखा है (D) अँधेरे में

66. 'मीरां के प्रभु हरि अविनासी देस्यूं प्राण अंकोर' पंक्ति में 'अंकोर' का अर्थ है–

(A) रक्षा (B) मुक्ति

(C) भेंट (D) प्रतिदान

67. 'महाभोज' में बिसेसर हत्याकांड को लेकर संवेदनशील पात्र नहीं है–

(A) नरोत्तम (B) सक्सेना

(C) महेश (D) दा साहब

68. 'नयी कविता' की प्रवृत्ति नहीं है–

(A) अनुभूति की सच्चाई (B) क्षणवाद

(C) बुद्धिवाद (D) महामानव की प्रतिष्ठा

69. 'दशरथ के पुत्र राम ने रावण को मारा'। इस वाक्य में कौनसा पद कारक बनने की सबसे कम योग्यता रखता है ?

(A) राम (B) रावण

(C) दशरथ (D) पुत्र

70. प्रकाशन-वर्ष के अनुसार काव्यकृतियों का सही क्रम है–

(A) भारत भारती–पल्लव–साकेत–कामायनी

(B) भारत भारती–साकेत–कामायनी–पल्लव

(C) भारत भारती–कामायनी–साकेत–पल्लव

(D) पल्लव–भारत भारती–साकेत–कामायनी

71. 'लाल पान की बेगम' में किस श्रमफल का मोहक-आत्मीय चित्रण है ?

(A) धान की बालियों का (B) मीठी रोटियों का

(C) शकरकंद का (D) पाट (जूट) का

72. 'चंद्रगुप्त' की भूमिका में प्रसाद द्वारा चाणक्य को 'मगध का ब्राह्मण' बताने का आधार है—

(A) जैन धर्मग्रंथ
(B) पर्यटकों का विवरण
(C) अनुमान
(D) कल्पना

73. ''जहाँ उक्ति में अनूठापन अधिक मात्रा में होने पर भी उसकी तह में रहनेवाला भाव आछन्न नहीं हो जाता, वहाँ भी काव्य ही माना जाएगा।''

'कविता क्या है' निबंध का उपर्युक्त वाक्य किस कवि के विषय में है ?

(A) ठाकुर
(B) मंडन
(C) देव
(D) पद्माकर

74. काव्य में बिंब निर्मित करते समय कल्पना का आधार होता/होती है—

(A) प्रतीक-व्यवस्था
(B) ऐंद्रिय अनुभव
(C) परिवेश
(D) भाषा-व्यवस्था

75. इनमें से किस कहानी का कथानक एक पशु के जीवन के इर्द-गिर्द रचा गया है ?

(A) परिन्दे – निर्मल वर्मा
(B) नैनसी का धूड़ा – स्वयंप्रकाश
(C) खरगोश – प्रियंवद
(D) तिरिछ – उदयप्रकाश

76. 'राग दरबारी' का अंत होता है—

(A) आशावादिता में
(B) अनुकूलन में
(C) पलायनवाद में
(D) सकर्मकता में

77. लिपि-सुधार हेतु नरेन्द्र देव समिति का गठन किया—

(A) हिंदी साहित्य सम्मेलन ने
(B) नागरी प्रचारिणी सभा ने
(C) उत्तर प्रदेश सरकार ने
(D) केंद्र सरकार ने

78. 'भोलाराम का जीव' की विशेषता नहीं है—

(*a*) विडंबना की अभिव्यक्ति

(*b*) नाटकीयतापूर्ण चित्रण

(*c*) यथार्थवादी शिल्प-विधान

(*d*) धार्मिक विसंगतियों का वर्णन

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही

(B) (*b*) और (*c*) सही

(C) (*c*) और (*d*) सही

(D) (*a*) और (*d*) सही

79. 'संस्कृति और सौंदर्य' निबंध के अनुसार सौंदर्य की मानववादी धारणा का स्रोत है—

(*a*) भरतमुनि का 'नाट्यशास्त्र'

(*b*) पार्वती का लास्य

(*c*) शिव का तांडव

(*d*) प्राकृतिक सौंदर्य

**कोड :**

(A) (*c*) और (*d*) सही

(B) (*b*) और (*c*) सही

(C) (*a*) और (*b*) सही

(D) (*a*) और (*d*) सही

80. 'उसने कहा था' और 'कोसी का घटवार' कहानियाँ किन प्रवृत्तियों के कारण समान हैं ?

(*a*) एकाकीपन का बोध

(*b*) फौजी-जीवन के प्रति सामाजिक अस्वीकृति

(*c*) जीवन-स्मृतियों का वर्णन

(*d*) आदर्शवादी प्रेम की अभिव्यक्ति

**कोड :**

(A) (*c*) और (*d*) सही

(B) (*a*) और (*d*) सही

(C) (*b*) और (*d*) सही

(D) (*b*) और (*c*) सही

81. कम्यूनिस्ट घोषणा पत्र (मार्क्स-एंगेल्स) के आधार पर सही कथन हैं—

(*a*) जिन हथियारों से पूँजीपति वर्ग ने सामंतवाद को जमींदोज कर दिया था, वे हथियार अब पूँजीपति वर्ग के ही खिलाफ़ हो गए हैं।

(*b*) उद्योग के विकास के साथ, सर्वहारा वर्ग की संख्या में कमी आती है।

(*c*) मशीनरी के व्यापक उपयोग और श्रम-विभाजन के कारण सर्वहारा के काम की गुणवत्ता का विकास हुआ है।

(*d*) बुर्जुआ वर्ग के अस्तित्व और प्रभुत्व के लिए पूँजी का निर्माण और संवर्द्धन अनिवार्य है।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*)

(B) (*a*), (*b*) और (*c*)

(C) (*a*) और (*d*)

(D) (*b*), (*c*) और (*d*)

82. 'निरखत अंक स्यामसुंदर के बार-बार लावति छाती।

लोचन-जल कागद-मसि मिलिकै ह्वै गई स्याम स्याम की पाती॥'

उपर्युक्त पंक्तियों में है–

(*a*) श्लेष का चमत्कार

(*b*) सात्विक अनुभाव

(*c*) प्रेमोद्रेक की तीव्रता

(*d*) प्रिय के प्रति उपालंभ

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही

(B) (*b*), (*c*) और (*d*) सही

(C) (*b*) और (*d*) सही

(D) (*a*), (*b*) और (*c*) सही

83. 'चीफ़ की दावत' में अभिव्यक्ति है–

(*a*) हीनता-बोध की

(*b*) असहायता-बोध की

(*c*) अपनी संस्कृति पर गर्व की

(*d*) मातृत्व-भावना की

**कोड :**

(A) (*b*), (*c*) और (*d*) सही

(B) (*a*), (*b*) और (*c*) सही

(C) (*a*), (*c*) और (*d*) सही

(D) (*a*), (*b*) और (*d*) सही

84. 'संस्कृति के चार अध्याय' में दिनकर के अनुसार भारत में जब यूरोप का आगमन हुआ तो—

(*a*) नवजागरण से प्रेरित होकर हिन्दुओं और मुसलमानों में धर्म का प्रभाव क्षीण हुआ।

(*b*) हिन्दुत्व और इस्लाम का सामना ईसाइयत, बुद्धिवाद और विज्ञान से हुआ।

(*c*) नवजागरण के मुस्लिम कवि भारत में इस्लाम के कम होते प्रभाव पर दुखी हुए।

(*d*) नवजागरण ने हिन्दुओं और मुसलमानों को एक करने के बदले कुछ और दूर कर दिया।

**कोड :**

(A) (*a*), (*b*) और (*c*) सही

(B) (*b*), (*c*) और (*d*) सही

(C) (*a*), (*c*) और (*d*) सही

(D) (*a*), (*b*) और (*d*) सही

85. कथानकों के मुख्य घटना-स्थल को उनके उपन्यासों से सुमेलित कीजिए—

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (*a*) मेरठ | (*i*) राग दरबारी |
| (*b*) बेलारी | (*ii*) देवरानी जेठानी की कहानी |
| (*c*) शिवपालगंज | (*iii*) मैला आँचल |
| (*d*) मेरीगंज | (*iv*) गोदान |
| | (*v*) शेखर : एक जीवनी |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) |
| (D) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |

86. 'सिन्दूर की होली' नाटक के पात्रों को उनके संवादों के साथ सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | चन्द्रकला | (*i*) | शिक्षा और कला का सम्बन्ध कुछ नहीं है। कला का आधार तो है विश्वास और शिक्षा का सन्देह |
| (*b*) | मनोरमा | (*ii*) | मनुष्य से बड़ा तो केवल देवता होता है |
| (*c*) | मनोज शंकर | (*iii*) | स्त्री का हृदय सर्वत्र एक है क्या पूर्व क्या पश्चिम क्या देश क्या विदेश |
| (*d*) | मुरारीलाल | (*iv*) | स्त्री जाति की स्तुति केवल इसलिए होती है कि वे प्रेम करती हैं |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |

87. 'अंधा युग' के पात्रों को उनके संवादों से सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | संजय | (*i*) | यह कटु निराशा की/उद्धत अनास्था है/क्षमा करो हे प्रभु |
| (*b*) | विदुर | (*ii*) | कैसे दे पाऊँगा मैं संपूर्ण सत्य/उन्हें विकृत अनुभूति से |
| (*c*) | युयुत्सु | (*iii*) | किंतु, नहीं/जीवित रहूँगा मैं/अंधे बर्बर पशु–सा |
| (*d*) | अश्वत्थामा | (*iv*) | आज इस पराजय की वेला में/सिद्ध हुआ/झूठी थी सारी अनिवार्यता भविष्य की |
| | | (*v*) | अंतिम परिणति में/दोनों जर्जर करते हैं/पक्ष चाहे सत्य का हो/अथवा असत्य का |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*v*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*v*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. निम्नलिखित संवादों को पात्रों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | योग्यता एक-चौथाई व्यक्तित्व का निर्माण करती है। शेष पूर्ति प्रतिष्ठा द्वारा होती है। | (*i*) | कालिदास |
| (*b*) | राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। जितना संभव है कि ऐसा न हो, उतना ही संभव है कि ऐसा हो। | (*ii*) | निक्षेप |
| (*c*) | तुमने कहा था न कि हम एक-दूसरे के बहुत निकट पड़ते हैं। नहीं कहा था ? मैंने इन वर्षों में उस निकटता में अंतर नहीं आने दिया। | (*iii*) | प्रियंगुमंजरी |
| (*d*) | ... यह नहीं सोचा कि द्वंद्व एक ही व्यक्ति तक सीमित नहीं होता, परिवर्तन एक ही दिशा में व्याप्त नहीं होता। | (*iv*) | मातुल |
| | | (*v*) | विलोम |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (B) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) | (*i*) |

89. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनसे सम्बन्धित कविता-शीर्षकों के साथ सुमेलित कीजिए—

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | उस मुहावरे को समझ गया हूँ जो<br>आजादी और गांधी के नाम पर चल<br>रहा है | (*i*) | पटकथा |
| (*b*) | और अब तो हवा भी बुझ चुकी है<br>और सारे इश्तहार उतार लिए गए हैं<br>जिनमें कल आदमी/अकाल था | (*ii*) | अकाल-दर्शन |
| (*c*) | जो असलियत और अनुभव के बीच<br>खून के किसी कमज़ात मौके पर<br>कायर है | (*iii*) | नक्सलबाड़ी |
| (*d*) | ठीक उस मोची की तरह जो चौक से<br>गुजरते हुए देहाती को/प्यार से बुलाता है | (*iv*) | मोचीराम |
| | | (*v*) | कल सुनना मुझे |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*v*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (C) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) | (*i*) |
| (D) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |

90. कथा-संदर्भों और उन पर आधारित कृतियों को सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (*a*) महाभारत | (*i*) लहरों के राजहंस |
| (*b*) रामकथा | (*ii*) आत्मजयी |
| (*c*) कठोपनिषद् | (*iii*) अंधा युग |
| (*d*) सौंदरनंद | (*iv*) संशय की एक रात |
| | (*v*) असाध्य वीणा |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) |
| (B) | (*v*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (C) | (*i*) | (*v*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) |

91. उपन्यास और उनके कथा-स्रोतों को सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (*a*) सिंह सेनापति | (*i*) छांदोग्य उपनिषद |
| (*b*) अनामदास का पोथा | (*ii*) अंगुत्तर निकाय |
| (*c*) चारु चन्द्रलेख | (*iii*) मृच्छकटिकम् |
| (*d*) पुनर्नवा | (*iv*) प्रबन्ध चिन्तामणि |
| | (*v*) कठ उपनिषद |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (D) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) |

92. रस-निष्पत्ति संबंधी मान्यताओं और उनके व्याख्याताओं को सुमेलित कीजिए–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (*a*) अनुमितिवाद | (*i*) अभिनवगुप्त |
| (*b*) उत्पत्तिवाद | (*ii*) भट्टनायक |
| (*c*) भुक्तिवाद | (*iii*) भट्टलोल्लट |
| (*d*) अभिव्यक्तिवाद | (*iv*) श्रीशंकुक |
| | (*v*) आनंदवर्धन |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (B) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |
| (D) | (*iv*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |

93. भारतेन्दु हरिश्चन्द्रकृत नाट्य-छायानुवादों को हिन्दीतर भाषाओं की मूल नाट्य-कृतियों से सुमेलित कीजिए–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (*a*) विद्यासुन्दर | (*i*) मुद्राराक्षस |
| (*b*) पाखण्ड विडम्बन | (*ii*) द मर्चेंट ऑफ वेनिस |
| (*c*) मुद्राराक्षस | (*iii*) चौर पंचाशिका |
| (*d*) दुर्लभ बंधु | (*iv*) प्रबोध चंद्रोदय |
| | (*v*) द टू नोबेल किंसमेन |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) | (*v*) |
| (B) | (*i*) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |

94. कृतियों को उनके केन्द्रीय पात्रों से सुमेलित कीजिए–

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | आवारा मसीहा | (*i*) | निराला |
| (*b*) | मानस का हंस | (*ii*) | शरतचंद्र |
| (*c*) | आषाढ़ का एक दिन | (*iii*) | कालिदास |
| (*d*) | रश्मिरथी | (*iv*) | तुलसीदास |
| | | (*v*) | कर्ण |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) |
| (B) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*v*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |

95. सुमेलित कीजिए–

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अंतस्थ | (*i*) | ङ, ञ, ण, म |
| (*b*) | ऊष्म | (*ii*) | ट, ठ, ड, ढ |
| (*c*) | अनुनासिक | (*iii*) | श, ष, स, ह |
| (*d*) | संयुक्त व्यंजन | (*iv*) | य, र, ल, व |
| | | (*v*) | क्ष, त्र, ज्ञ, श्र |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) |
| (B) | (*iii*) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) | (*i*) |
| (D) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) |

96. नीचे दिए गए दो कथन हैं–

**कथन (1) :** वामन ने काव्य को अलंकार के कारण ग्राह्य माना और अलंकार का अर्थ किया–सौंदर्य।

**कथन (2) :** वामन की इस काव्य–चर्चा में सौंदर्य का अर्थ सीमित ही रहा और वह गुण–दोष आदि से निरपेक्ष माना गया।

उपरिलिखित कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उचित उत्तर का चुनाव कीजिए :

(A) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या है

(B) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या नहीं है

(C) कथन (1) सही है और कथन (2) गलत है

(D) कथन (1) गलत है और कथन (2) सही है

97. नीचे दिए गए दो कथन हैं :

**कथन (1) :** क्रोध दु:ख के चेतन कारण के साक्षात्कार या परिज्ञान से होता है।

**कथन (2) :** भयभीत होकर भी प्राणी अपनी रक्षा कभी–कभी कर लेता है, इसलिए सामाजिक जीवन में क्रोध की कोई आवश्यकता नहीं।

उपरिलिखित कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उचित उत्तर का चुनाव कीजिए :

(A) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या है

(B) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या नहीं है

(C) कथन (1) सही है और कथन (2) गलत है

(D) कथन (1) गलत है और कथन (2) सही है

98. नीचे दिए गए दो कथन हैं :

**कथन (1) :** श्रद्धालु अपने भाव में संसार को भी सम्मिलित करना चाहता है, पर प्रेमी नहीं।

**कथन (2) :** श्रद्धा में दृष्टि पहले कर्मों पर से होती हुई श्रद्धेय तक पहुँचती है और प्रीति में प्रिय पर से होती हुई उसके कर्मों आदि पर जाती है। एक में व्यक्ति को कर्मों द्वारा मनोहरता प्राप्त होती है, दूसरी में कर्मों को व्यक्ति द्वारा।

उपरिलिखित कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उचित उत्तर का चुनाव कीजिए :

(A) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या है

(B) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या नहीं है

(C) कथन (1) सही है और कथन (2) गलत है

(D) कथन (1) गलत है और कथन (2) सही है

99. नीचे दिए गए दो कथन हैं :

**कथन (1) :** अज्ञेय ने शेखर को एक विद्रोही के रूप में उपस्थित करना चाहा है और उनका यह विश्वास भी है कि विद्रोही बनते नहीं उत्पन्न होते हैं।

**कथन (2) :** शेखर की विद्रोही चेतना उसके बचपन की अवस्था में भी अनेक रूपों में दिखाई पड़ती है। धीरे-धीरे यह चेतना मात्र सहज न रहकर बाहरी परिस्थितियों से भी जुड़ने और प्रेरित होने लगती है।

उपरिलिखित कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उचित उत्तर का चुनाव कीजिए :

(A) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या है

(B) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या नहीं है

(C) कथन (1) सही है और कथन (2) गलत है

(D) कथन (1) गलत है और कथन (2) सही है

100. नीचे दिए गए दो कथन हैं :

**कथन (1) :** भारतीय जनता की संस्कृति का रूप सामासिक है और उसका विकास धीरे-धीरे हुआ है।

**कथन (2) :** एक ओर तो इस संस्कृति का मूल आर्यों से पूर्व, मोहनजोदड़ो आदि की सभ्यता तथा द्रविड़ों की महान् सभ्यता तक पहुँचता है। दूसरी ओर, इस संस्कृति पर आर्यों की बहुत गहरी छाप है, जो भारत में मध्य एशिया से आये थे। पीछे चलकर, यह संस्कृति उत्तर-पश्चिम से आने वाले तथा फिर समुद्र की राह से पश्चिम से आने वाले लोगों से बार-बार प्रभावित हुई।

उपरिलिखित कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उचित उत्तर का चुनाव कीजिए :

(A) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या है

(B) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की सही व्याख्या नहीं है

(C) कथन (1) सही है और कथन (2) गलत है

(D) कथन (1) गलत है और कथन (2) सही है

कच्चे कार्य के लिये स्थान